भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **330**

दिनांक 5 फरवरी , 2020 / 16 माघ, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नए विमानपत्तनों का निर्माण

330. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान और चालू वर्ष में उन विमानपत्तनों की वर्तमान स्थिति और उनके निर्माण और विकास कार्य हेतु हुए व्यय का बिहार सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जिनके लिए निधि आवंटित की गई है;
(ख) क्या सरकार सरकारी निजी भागीदारी मॉडल के आधर पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से देश में अधिक विमानपत्तनों/ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों के निर्माण और विकास का प्रस्ताव रखती है; और
(ग) यदि हां, तो बिहार सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा इन पर कितनी धनराशि खर्च किए जाने की संभावना है और इनके पूरे किए जाने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): हवाईअड्डों का विकास अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है तथा भूमि की उपलब्धि, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक आर्थिक विचार, यातायात मांग / संबंधित हवाईअड्डों से/के लिए एयरलाइनों द्वारा प्रचालन प्रारम्भ करने की मंशा के आधार पर इसका निर्वाह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा समय समय पर किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बिहार सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा चालू वर्ष के दौरान विभिन्न हवाईअड्डों पर प्रारंभ किए गए प्रमुख निर्माण एवं विकास कार्यों तथा उनकी वर्तमान स्थिति एवं व्यय का विवरण अनुलग्नक – क में प्रस्तुत किया गया है।
(ख) तथा (ग): केरल राज्य सरकार द्वारा कन्नूर, केरल में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत दिसम्बर 2018 में एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना करके उसे प्रचालनात्मक किया गया है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों को देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए ''सैद्धांतिक अनुमोदन'' प्रदान किया गया है। इनमें से गोवा में मोपा (चरण 1 में 1900 करोड़ रुपए), महाराष्ट्र में नवी मुम्बई (16704 करोड़ रुपए) तथा सिंधुदुर्ग (चरण 1 में 450 करोड़ रुपए), आंध्र प्रदेश में भोगापुरम (चरण 1 में 2302.51 करोड़ रुपए) तथा दागादर्थी (368.38 करोड़ रुपए), कर्नाटक में हसन (592 करोड़ रुपए), गुजरात में धौलेरा (चरण 1 में 1685 करोड़ रुपए) तथा उत्तर प्रदेश में नोएडा (जेवर) (चरण 1 में 3754 करोड़ रुपए) परियोजनाएं सार्वजनिक निजी भागीदारी स्वरूप में संबंधित राज्य सरकारों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है। हवाईअड्डा परियोजना के निर्माण की समय सीमा संबंधित प्रचालक द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य अनापत्ति की प्राप्ति, वित्तीय समापन इत्यादि की प्राप्ति पर निर्भर है।

*****

पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान अनुमोदित पूंजीगत कार्य

नए हवाईअड्डों के निर्माण के संबंध में राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 330 दिनांक 5.2.2020 के संबंध में

राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	स्टेशन	योजना का नाम	अनुमोदित लागत (रुपए करोड़ में)	31.12.2019 तक संचित व्यय (रुपए करोड़ में)
अंडमान और निकोबार (यूटी)	पोर्ट ब्लेयर	वीएसआई हवाईअड्डे पोर्टब्लेयर में नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण - शेष कार्य	417.23	234.89
		पोर्ट ब्लेयर में मौजूदा एप्रन पर एपॉक्सी लेयर का प्रावधान	16.81	17.11
आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा	आइसोलेशन बे, आरईएसए और सम्बद्ध कार्यों के निर्माण के साथ कोड-ई प्रकार के विमानों के लिए मौजूदा रनवे 08-26 का विस्तार और सुदृढ़ीकरण (2286 से 3360मीटर)	145.00	155.02
	राजमुंदरी	रनवे और न्यू एप्रन और फ्लड लाइट का विस्तार (1750 से 3165 मीटर)	181.00	176.77
	कडपा	कडप्पा हवाईअड्डा पर विद्युत कार्यों सहित कोड-सी प्रकार के विमानों के संचालन के लिए आइसोलेशन मौजूदा रनवे, टैक्सीवे और एप्रन के विस्तार और विस्तार के साथ कडप्पा हवाई अड्डा पर आइसोलेशन बे, विस्फोट रोधी फुटपाथ और स्ट्रिप्स की पेरीमीटर रोड ग्रेडिंग आदि।	94.44	33.71
	विजाग	विजाग हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन का लीनियर विस्तार	54.00	27.28
	तिरुपति	अन्य विविध कार्यों सहित रनवे का विस्तार और सुदृढ़ीकरण (2286 से 3810 मीटर)	177.00	21.52
अरुणाचल प्रदेश	तेजु	तेजू हवाई अड्डे का परिचालन और उन्नयन (सीएसजी 100%) एसएच: तेजू हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन और संबद्ध कार्यों का निर्माण (शेष कार्य)	53.95	21.58
असम	डिब्रूगढ़	हैंगर का निर्माण	21.70	5.25
	गुवाहाटी	गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मौजूदा टर्मिनल भवन में सुधार	24.00	24.00
		रनवे 20 की ओर टैक्सी वे तथा अन्य अनुषंगी कार्यों को मजबूत करना और रनवे का विस्तार करना	38.21	46.57
		गुवाहाटी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन,नियंत्रण टॉवर, हैंगर, फायर स्टेशन, कार पार्क, सबस्टेशन, कार्गो और अनुषंगी भवनों का निर्माण	1142.00	266.56
	डिब्रूगढ़	डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर परिचालन क्षेत्र में विद्यमान खुली नाले को विघटित करके उसी स्थान पर नए कवर्ड नाले का निर्माण	23.35	0.00
	रूपसी	रूपसी हवाईअड्डे पर कार पार्क, आरईएसए, अप्रोच रोड आदि सहित रनवे, टैक्सीवे, एप्रन और संबद्ध सिविल कार्यों का सुदृढ़ीकरण और पुन: कारपेटिंग।	43.82	48.42
		रूपसी हवाई अड्डे, असम में प्री फैब पोर्टा केबिन टर्मिनल भवन एटीसी टॉवर, सिक्योरिटी हट और अन्य संबद्ध कार्यों का प्रावधान आरसीएस संचालन।	19.54	21.83
बिहार	गया	गया हवाईअड्डे पर नए तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टावर का निर्माण	24.81	6.21
	पटना	पटना हवाईअड्डे पर कंट्रोल टॉवर सह टेक्निकल ब्लॉक, फायर स्टेशन और कार्गो भवन का निर्माण (पैकेज I)	1216.90	5.48
		पटना हवाई अड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन और अन्य संरचनाओं (चरण I और II) का निर्माण । एसएच: - पटना हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन, आवासीय भवन का निर्माण। मल्टी-लेवल कार पार्क, प्रशासनिक भवन और अन्य संबद्ध कार्य।		54.61
		नया घरेलू टर्मिनल भवन और अन्य संरचनाओं का निर्माण एसएच: राज्य सरकार द्वारा हैंगर, फ्लाइंग क्लब, वीआईपी लाउंज भवन का निर्माण और		0.00

		अन्य संबद्ध कार्य		
	दरभंगा	(i) एयरफोर्स स्टेशन दरभंगा में रनवे, टैक्सीट्रैक, एप्रन और एलाइड के कार्यों को मजबूत करना। (ii) फैलाव वाले क्षेत्र से अंतरिम टर्मिनल भवन (ITB) तक और ITB से सिविल एन्क्लेव दरभंगा में सिटी रोड की ओर प्रवेश करने के लिए सड़क का विकास। (iii) सिविल एन्क्लेव दरभंगा में अंतरिम टर्मिनल भवन का निर्माण। (iv) सिविल एन्क्लेव दरभंगा में विविध सिविल कार्य।	89.11	29.57
छत्तीसगढ़	रायपुर	24 की शुरुआत में रनवे का विस्तार, रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाईअड्डे पर सी-श्रेणी के विमान और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए उपयुक्त एप्रन का विस्तार।	88.44	68.49
		स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा , रायपुर में तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टॉवर, न्यू फायर स्टेशन (कैट-VIII), सब स्टेशन और संबद्ध कार्य।	54.80	25.54
दिल्ली	सफदरजंग	सफदरजंग हवाईअड्डे पर ना.वि.महा./ना.वि.सु.ब्यू., वि.दु.अं.ब्यू., ऐरा तथा भा.वि. प्रा. (डिपॉजिट वर्क) का संयुक्त परिचालन परिसर।	303.80	102.42
दमन और दीव (यूटी)	दीव	दीव हवाई अड्डा का विकास (डिपाजिट कार्य) एसएच: : 23 के सिरेपर 191 मीटर तक रनवे का विस्तार तथा दीव हवाईअड्डे पर रनवे के दोनों सिरों पर टी/टी तक टर्निंग पैड/ब्लॉस्ट पैड/ आरईएसए के प्रावधान ।	40.00	11.55
		दीव हवाई अड्डा का विकास (डिपाजिट कार्य) ।एसएच: एटीसी टॉवर-कम-तकनीकी ब्लॉक -सह अग्निशमन स्टेशन और दीव हवाईअड्डा पर अन्य संबद्ध संरचनाओं का निर्माण। (सिविल सेवा)		5.12
गोवा	गोवा	गोवा हवाईअड्डे पर समानांतर टैक्स ट्रैक का निर्माण।	187.89	134.76
गुजरात	अहमदाबाद	एसवीपीआई हवाईअड्डा, अहमदाबाद में लिंक टैक्सी ट्रैक सहित घरेलू एप्रन का निर्माण, अंतर्राष्ट्रीय एप्रन का विस्तार, रनवे 23 पर टर्निंग पेड, शेष परिधि सड़क का निर्माण और संबद्ध कार्य (सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य)	63.63	29.72
	राजकोट (हीरासर)	भारत के हीरासर, राजकोट, गुजरात में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का निर्माण। उपप्रमुख: विस्तृत डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, प्रापण और रनवे का निर्माण, मूल पट्टियां, टर्निंग पैड, टैक्सी-वे, एप्रन, परिधि और अन्य सड़कें, मिट्टी निकालने/ भराव का कार्य और ग्रेडिंग, निकासी प्रणाली, संबद्ध सहायक संरचनाएं,, अग्निशमन स्टेशन, एमटी पूल, फायर पिट, कूलिंग पिट, एआरपी और संबद्ध एप्रोच, भू-प्रकाशन प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापन परीक्षण और प्रचालन आरंभ, दिक्चालन हेतु दृश्य सहायक उपकरण, पक्षी जोखिम निवारण प्रणाली आदि।	1405.00	0.00
	सूरत	सूरत हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन का विस्तार एसएच: सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, नलसाजी, अग्निशमन, एचवीएसी, हवाईअड्डे सिस्टम, आईटी, फर्नीचर और फर्निशिंग, फुटपाथ और अनुषंगी कार्यों के लिए विस्तृत डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण	138.48	3.93
		एप्रन का विस्तार और समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण।	63.13	0.00
हिमाचल प्रदेश	शिमला	शिमला हवाईअड्डे पर बेसिक स्ट्रीप का पुन: स्थापन	124.22	38.70
जम्मू और कश्मीर	जम्मू	जम्मू हवाईअड्डे पर रनवे का विस्तार और सुदृढ़ीकरण।	77.00	9.53
	लेह	लेह हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण और संबंधित कार्यों।	480.33	41.36
झारखंड	रांची	तीन ए 321-200 विमानों के लिए अतिरिक्त बे हेतु मौजूदा एप्रन का विस्तार।	16.79	14.92
	देवघर	रनवे, टैक्सी ट्रैक, एप्रन, आइसोलेशन बे, परिधि रोड निर्माण सहित भूकार्य और अन्य संबद्ध कार्य शामिल हैं।	401.34	105.96
		देवघर हवाईअड्डे पर आरसीसी ड्रेनेज, सुरक्षा वॉच टॉवर, कूलिंग पिट, फायर पिट और		7.85

		अन्य संबद्ध कार्यों सहित चारदीवार का निर्माण।		
		झारखंड के देवघर हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर, तकनीकी ब्लॉक सह फायर स्टेशन भवन, ई एंड एम वर्कशॉप, सर्विस ब्लॉक, डीवीओआर और अन्य भवन निर्माण कार्य।		11.23
	बोकारो	(i) फुटपाथ का कार्य - बोकारो हवाईअड्डे पर प्रचालन क्षेत्र की ग्रेडिंग सहित मौजूदा रनवे, एप्रन, टैक्सी ट्रैक का पुनर्सतहीकरण और सुदृढ़ीकरण। (ii) बोकारो हवाईअड्डा पर विविध सिविल कार्य। (iii) विस्तारयोग्य निम्न लागत टर्मिनल भवन, कंट्रोल टॉवर, ईएसएस भवन और वॉच टावरों का प्रावधान (एटीआर 72 विमान के लिए लागू)	52.57	18.94
	रांची	रनवे और टैक्सीवे का पुनर्सतहीकरण।	25.73	0.00
कर्नाटक	मंगलौर	समानांतर टैक्सी ट्रैक -II का विस्तार।	121.00	70.08
		मंगलौर हवाईअड्डे पर एनआईटीबी (आगमन साईड) में एयरोब्रिक्स का विस्तार।	133.00	42.44
केरल	त्रिवेंद्रम	त्रिवेंद्रम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एनआईटीबी के पास अतिरिक्त एप्रन और जीएसई क्षेत्र का निर्माण।	26.67	17.89
मध्य प्रदेश	जबलपुर	जबलपुर हवाईअड्डे को , एबी-320 प्रकार के विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त बनाना। एसएच: जबलपुर हवाईअड्डे पर रनवे का विस्तार, नए एप्रन का निर्माण, टैक्सी ट्रैक और आइसोलेशन बे, लिंक टैक्सी, जीएसई क्षेत्र, परिधि सड़क का निर्माण और संबद्ध कार्य (सिविल और इलेक्ट्रिकल)।	412.25	78.79
		जबलपुर हवाईअड्डे को एबी-320 प्रकार के विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त बनाना। एसएच: जबलपुर हवाई अड्डे, जबलपुर में नए टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन श्रेणी VII, अन्य भवनों और संबंधित कार्यों का निर्माण।		3.79
	खजुराहो	खजुराहो हवाईअड्डे पर एटीसी परिसर / अग्निशमन स्टेधन / एमटी कारखाने का निर्माण	35.00	5.00
		खजुराहो हवाई अड्डे पर परिधि सड़क और तूफान के पानी के लिए नाले का निर्माण और मूल पट्टी का चौड़ीकरण और ग्रेडिंग	33.77	0.00
	इंदौर	डीएबीएच,इंदौर हवाईअड्डा पर 15 पार्किंग-बे, पीटीटी का निर्माणऔर अन्य संबद्ध कार्य।	62.96	8.30
महाराष्ट्र	कोल्हापुर	कोल्हापुर हवाईअड्डे पर ब्लास्ट पैड, टैक्सी-वे, एप्रन, जीएसई क्षेत्र, आइसोलेशन- बे, आरईएसए सहित रनवे (सुदृढ) का विस्तार, मौजूदा रनवे (लचीले) का पुन:सतहीकरण और अन्य संबद्ध कार्य (सिविल और इलेक्ट्रिकल)	74.53	25.73
	पुणे	पुणे हवाई अड्डा पर एप्रन और लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण	17.70	10.17
		सिविल एन्क्लेव पुणे, महाराष्ट्र में नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण, पुराने टर्मिनल भवन का पुनर्निर्माण, मौजूदा विस्तारित टर्मिनल भवन का आशोधन।	358.89	61.92
	कोल्हापुर	कोल्हापुर हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक सह फायर स्टेशन और संबद्ध कार्यों का निर्माण।	61.17	2.00
मणिपुर	इंफाल	इंफाल हवाई अड्डे पर रनवे का पुन:सतहीकरण तथा टैक्सीवे के लिए प्रमुख मरम्मत	57.71	29.70
		इम्फाल हवाई अड्डे पर हैंगर, सम्बद्ध एप्रन और लिंक टैक्सीवे का निर्माण	35.90	9.39
		इम्फाल हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण।	15.93	3.19
मेघालय	बारापानी	शिलांग हवाईअड्डे, बारापानी , मेघालय में 6000 फीट से 7500 फीट तक रनवे का विस्तार और संबद्ध कार्य ।	34.50	7.20
नागालैंड	दीमापुर	दीमापुर हवाई अड्डे पर रनवे, टैक्सीवे और एप्रन का सुदृढ़ीकरण लिंक टैक्सीवे के साथ आइसोलेशन बे का निर्माण	43.22	39.26
ओडिशा	भुवनेश्वर	एटीसी टॉवर और तकनीकी ब्लॉक, ई एंड एम वर्क शॉप, फायर स्टेशन का निर्माण	64.26	20.81

		समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण, रैपिड एग्जिट टैक्सी वे और एप्रन 08 कोड सी विमान (चरण 1)पार्किंग के लिए	138.10	25.77
		हैंगर का निर्माण	31.15	2.99
		यात्री बोर्डिंग ब्रिज सुविधा और टर्मिनल टी-2 के विस्तार / नवीनीकरण कार्य का उपयोग करके एकीकृत संचालन के लिए टर्मिनल टी 1 और टी 2 के बीच लिंक भवन का निर्माण	87.21	2.12
		मौजूदा रनवे का पुनर्सतहीकरण।	28.47	0.00
	राउरकेला	रनवे, टैक्सीवे, एप्रन का पुनर्सतहीकरण और परिधि रोड का निर्माण	11.69	12.25
पंजाब	आदमपुर	आदमपुर में सिविल एन्कलेव की स्थापना। एसएच: टर्मिनल भवन का निर्माण।	114.85	12.94
		आदमपुर में सिविल एन्कलेव की स्थापना। एसएच: एप्रन, टैक्सी ट्रैक और संबद्ध कार्य का निर्माण।		2.51
	अमृतसर	एसजीआरडीजे अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे, अमृतसर पर कोड- 4 सी प्रकार के 10 विमान के लिए एप्रन का विस्तार। (अर्थात अतिरिक्त पार्किंग बे)	96.15	7.49
राजस्थान	जयपुर	जयपुर में टैंगो टैक्सी से नाला तक समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण। (चरण - I)	30.90	23.58
		जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे में मौजूदा टर्मिनल भवन का विस्तार / आशोधन। ।	32.47	16.60
		जयपुर हवाईअड्डे पर अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण	110.00	46.23
		जयपुर हवाई अड्डा पर सीए में परिचालन क्षेत्र में रनवे 09-27 और अप्रयुक्त रनवे 15-33 के साथ नाला का निर्माण एसएच: - रनवे 09-27 के साथ नाला का निर्माण	17.15	7.54
		जयपुर हवाईअड्डा अंतरराष्ट्रीय प्रचालन के लिए पुराने टर्मिनल (टी -1) भवन का नवीनीकरण, रेट्रोफिट और नवीनीकरण।	67.20	15.59
		जयपुर हवाईअड्डा पर सिविल एन्कलेव में कार्गो परिसर और एप्रन का निर्माण।	22.80	4.43
	जोधपुर	जोधपुर हवाईअड्डे पर नए एप्रन और लिंक टैक्सी का निर्माण।	21.64	9.33
	उदयपुर	उदयपुर हवाईअड्डे पर एप्रन, लिंक टैक्सी का निर्माण और आइसोलेशन बे का विस्तार	35.57	21.75
सिक्किम	पकयांग	पाक्योंग हवाईअड्डे पर फ़िंगर ड्रेन से संबंधित कंक्रीट क्लेडिंग दीवार का निर्माण और खड़ी ढलानों के लिए प्रावधान।	108.34	0.10
		पाक्योंग हवाईअड्डे पर माइक्रो पाइल और प्री-टेंशन एंकर द्वारा आरई दीवार की नीव को मजबूत करना।	29.63	8.86
तमिलनाडु	चेन्नई	चेन्नई हवाईअड्डा, चेन्नई के मेन रनवे 07/25 के लिए 2 रेपिड एक्जिट टैक्सीवे का निर्माण तथा चे.अं.ह. पर कोड ई के विमान के उपयुक्त समानंतर टैकसी ट्रेक के रूप में बी टैक्सीवे का सुदृढ़ीकरण	98.00	59.27
		चेन्नई हवाईअड्डे, चेन्नई फेज -II का आधुनिकीकरण, । एसएच: चेन्नई हवाई अड्डे, चेन्नई पर शहर की ओर मेट्रो रेल सम्पर्कता के लिए वॉकलेटर के लिए प्रावधान।	85.57	24.01
		चेन्नई हवाईअड्डे फेज -II का आधुनिकीकरण, चेन्नई। एसएच: चेन्नई हवाई अड्डे, चेन्नई पर शहर की ओर मेट्रो रेल सम्पर्कता के लिए ट्रैवलेटर के लिए प्रावधान।		14.76
		चेन्नई हवाईअड्डा का आधुनिकीकरण - चरण-II मुख्य कार्य: टर्मिनल भवन	2467.00	358.84
		इनलाइन बैगेज हैंडिंग सिस्टम का प्रावधान		0.00
		चेन्नई हवाईअड्डा, चेन्नई में रनवे 07/25 तथा 12/30 को जोड़ने वाले शेष टैक्सी ट्रैक का निर्माण, बॉक्स कल्वेट के संबंध में रनवे 07/25 को जोड़ने वाले टैक्सी ट्रैक (शेष भाग) का निर्माण।	98.36	38.48
		चेन्नई हवाईअड्डे पर मेन रनवे 07/25 के लिए रेपिड एक्जिट टैक्सीवे के दो शेष भाग को बी टैक्सी ट्रैक (रनवे के क्रिटिकल भाग से आगे) का निर्माण तथा टैक्सीवे डी एवं टैक्सीवे एम के मध्य सतहीकरण तथा सम्बद्ध कार्य	66.18	0.00

	कोयंबटूर	कोयंबतूर हवाईअड्डे पर श्रेणी टाइप सी के 5 विमानों की पार्किंग के लिए अतिरिक्त एप्रन का निर्माण तथा 2 एटीआर के लिए एप्रन का विस्तार	29.93	10.35
	मदुरै	मदुरै हवाईअड्डे पर एप्रन का विस्तार एवं सम्बद्ध कार्य	25.71	8.95
	त्रिची	यात्री टर्मिनल भवन और एप्रन, एटीसी टॉवर और संबंधित कार्यों का उन्नयन।	951.00	173.18
	त्रिची	त्रिची अं.हवाईअड्डे पर विद्यमान रनवे 09-27 का पुन सतहीकरण तथा सम्बद्ध कार्य	29.81	0.00
	तूतीकोरिन	ब्लास्ट पैड, आरईएसए, टैक्सीवे, एप्रन, जीएसई क्षेत्र, आईसोलेशन बे के साथ रनवे का विस्तार।	185.53	0.00
तेलांगना	बेगमपेट हैदराबाद	बेगमपेट हवाईअड्डा,हैदराबाद, पर नागर विमानन अनुसंधान संगठन काम्प्लेक्स का निर्माण चरण I	353.61	0.00
चंडीगढ़ (यूटी)	चंडीगढ़	चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर कोड 4सी प्रकार के विमानों के लिए 5 एप्रन का निर्माण।	26.65	6.99
त्रिपुरा	अगरतला	अगरतला हवाईअड्डे पर एप्रन व टैक्सी ट्रैक का निर्माण,	49.14	48.07
		अगरतला पर बुनियादी ढांचे का उन्नयन । एसएच: प्रचालनिक क्षेत्र की चारदीवारी, प्रोपर्टी वॉल, वॉच टॉवर, परिधि सड़क और तूफान में पानी की निकासी नाली का निर्माण।	26.97	33.26
		आइसोलेशन बे का स्थानांतरण (यानी अगरतला हवाई अड्डा पर नए आइसोलेशन बे और संबद्ध लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण)।	15.57	15.86
		अगरतला हवाई अड्डा पर हैंगर और संबद्ध कार्यों का निर्माण ।	34.16	20.59
		अगरतला हवाई अड्डा पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण ।	438.28	304.06
उत्तर प्रदेश	गोरखपुर	गोरखपुर में चरण-I और II में नया यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण।	22.34	12.31
	लखनऊ	लखनऊ हवाईअड्डे पर रनवे का पुनर्सतहीकरण और कैट -3 श्रेणी बी का उन्नयन।	43.62	37.20
		सीसीएसआई हवाईअड्डे लखनऊ में फायर स्टेशन श्रेणी IX, आपातकालीन चिकित्सा केंद्र का निर्माण और संबद्ध कार्य ।	30.88	3.68
		सीसीएसआई हवाई अड्डे पर 08 कोड 4 सी विमान के लिए एप्रन का निर्माण दो लिंक मार्गों की व्यवस्था। (अर्थात अतिरिक्त पार्किंग बे)।	70.44	9.86
		लखनऊ हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण।	1383.00	238.87
	इलाहाबाद	इलाहाबाद हवाईअड्डे पर न्यू सिविल एन्क्लेव का विकास।	164.07	143.27
	वाराणसी	न्यू एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण	18.28	9.59
		एलबीएसआई वाराणसी में रनवे की रीकारपेटिंग, टर्न पैड 27 का चौड़ीकरण और टैक्सी ए, बी तथा डी के फिलेट / शोल्डर का चौड़ीकरण	26.44	21.63
	बरेली	बरेली में सिविल एन्क्लेव का विकास। एसएच: : एप्रन, टैक्सी ट्रैक का निर्माण और सम्बद्ध कार्य	67.10	19.03
		बरेली में सिविल एन्क्लेव का विकास। एसएच: : टर्मिनल भवन का निर्माण	67.10	13.89
	हिंडन (गाजियाबाद)	हिंडन में प्री-इंजीनियर्ड हवाईअड्डे टर्मिनल भवन का निर्माण तथा सम्बद्ध कार्य - डिजायन एवं बिल्ड आधार पर निर्माण	45.60	29.95
	चित्रकूट	चित्रकूट में हवाई अड्डा का विकास।	24.18	0.46
	मुइरपुर	मुइरपुर में हवाई अड्डा का विकास।	24.64	0.04
	कानपुर	कानपुर (चकेरी) हवाईअड्डे का विकास।	168.00	0.00
उत्तराखंड	देहरादून	देहरादून हवाईअड्डे पर अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण।	17.69	15.60
		देहरादून हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण।	348.18	161.88

		रनवे और टैक्सीवे का सुदृढ़ीकरण।	25.67	0.00
पश्चिम बंगाल	कोलकाता	सौर संयंत्र का प्रावधान - सिविल कार्यों का निर्माण।	132.91	91.62
		मुख्य रनवे 19L-01R का सुदृढ़ीकरण।	123.02	103.70
		मेट्रो रेल से प्रभावित संरचना का पुन: स्थापन	41.22	26.91
		आईसोलेशन बे का निर्माण।	30.93	19.24
		एनएससीबीआई हवाईअड्डे पर एटीसी टॉवर और तकनीकी ब्लॉक का निर्माण।	458.00	82.41
		ब्रोकन स्लैब 'एफ' टैक्सी ट्रैक का पुनर्निर्माण।	15.00	14.20
		अतिरिक्त 2 पार्किंग बे का निर्माण	15.00	14.72
		एसएच: हैंगर, एप्रन और लिंक टैक्सी का निर्माण।	117.46	29.85
		भवन के साथ तीन हैंगरों का निर्माण।		13.08
		द्वितीय रनवे 19R-01L का पुन:सतहीकरण	37.12	16.22
		'एफ' टैक्सी का विस्तार।	389.71	3.50